मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम

टर्म 2 2022 में NSW के सरकारी स्कूलों में आना

NSW शिक्षा विभाग टर्म 2, 2022 से NSW के हरेक सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता समर्थन की पेशकश कर रहा है। यह कार्यक्रम किन्हीं ऐसे अवरोधकों को कम करने पर केन्द्रित है जो विद्यार्थियों को स्कूली जीवन में पूरी तरह से भाग लेने से रोक सकते हैं।

आपको क्या जानने की ज़रूरत है:

- मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम विद्यार्थियों को पैड और टैम्पोन जैसी साफ वस्तुएँ प्रदान करता है।
- कार्यक्रम विद्यार्थियों को स्कूल पर साफ उत्पाद, जिन्हें नियमित तौर पर बदला जा सके, देने की पेशकश करके विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य खतरों को कम करने पर केन्द्रित है।
- जिन विद्यार्थियों के पास साफ उत्पादों की पहुँच होती है, वे स्कूल में अन्य लोगों के साथ अपनी शिक्षा गतिविधियों को आत्म-विश्वास के साथ जारी रख सकते हैं।
- टर्म 2 2022 से, हरेक स्कूल पैड्स और/या टैम्पोन के तौर पर विद्यार्थियों को नि:शुल्क साफ उत्पादों प्रदान करने की पेशकश करेगा।
- स्वच्छता उत्पादों को एक साफ डिस्पेंसर में संभाल कर रखा जाएगा। स्कूल विद्यार्थियों को बताएगा कि वे आसानी से और सावधानीपूर्वक डिस्पेंसरों तक पहुँच कैसे प्राप्त कर सकते हैं।
- स्वच्छता उत्पादों को 31 स्कूलों में टेस्ट किया गया था और विद्यार्थियों तथा प्रिंसिपलों ने सकारात्मक अनुभव की सूचना दी थी।

यदि आपके कोई सवाल हैं तो कृपया स्कूल से संपर्क करें।